लगातार हो रही दुर्घटनाओं से आक्रोशित वार्डवासी... पृष्ठ 2 | कांग्रेस की मजबूती और समर्पित नेता... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

शनिवार, 02 अगस्त 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 282, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


## छत्तीसगढ़ के विकास को मिली नई रफ्तार : प्रधानमंत्री मोदी से मिले सीएम साय



**नई दिल्ली.** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री मोदी को 1 नवंबर 2025 को रायपुर में आयोजित अमृत रजत महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को राज्य सरकार की भावी योजनाओं, विकास की प्राथमिकताओं और जनकल्याण से जुड़े प्रमुख विषयों की जानकारी भी दी। छत्तीसगढ़ में राज्य गठन की 25वीं वर्षगांठ अमृत रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाई जा रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक होगा और प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति से इसकी महत्ता और भी बढ़ जाएगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने च्अंजोर विज़न ञ्2047ज् दस्तावेज़ तैयार किया है, जो विकसित भारत के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ के समावेशी और सतत विकास की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। यह विजन दस्तावेज शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, नवाचार और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में सुधार और नवाचार-आधारित पहलों पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्र सरकार के च्जन विश्वास अधिनियम 2023ज्ज् से प्रेरणा लेते हुए राज्य में च्जन विश्वास विधेयक 2025ज्ज् पारित किया है, जिससे न्याय प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ी है और आम नागरिकों की पहुंच अधिक सुलभ एवं सहज बनी है। राजधानी नवा रायपुर के सुनियोजित और तीव्र विकास के लिए गठित छत्तीसगढ़ राज्य राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण (स्ष्टक्रष्ठ) की जानकारी भी मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से साझा की। उन्होंने बताया कि इस प्राधिकरण के माध्यम से राजधानी क्षेत्र को एक आधुनिक, स्मार्ट एवं तेज़ी से विकसित शहरी केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री को राज्य में औद्योगिक निवेश और रोज़गार सृजन के क्षेत्र में हो रही उल्लेखनीय प्रगति की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में लागू की गई नई औद्योगिक नीति 2024-30 के परिणामस्वरूप राज्य में निवेशकों की रुचि निरंतर बढ़ रही है। नीति के तहत सिंगल विंडो सिस्टम को लागू किया गया है, जिससे उद्योगों की स्थापना सरल, त्वरित और पारदर्शी बनी है। नवंबर 2024 से जुलाई 2025 के बीच अब तक 84 कंपनियों से कुल 6.65 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि नवा रायपुर में देश की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट की नींव रखी जा चुकी है, और एआई डेटा सेंटर का निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो गया है। इसी प्रकार, टेक्सटाइल, फार्मा, रेडीमेड गारमेंट और आईटी सेवाओं को प्राथमिकता देते हुए छत्तीसगढ़ को तकनीकी और औद्योगिक हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रदेश सरकार शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के माध्यम से ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने प्रतिबद्ध है। आदिवासी क्षेत्रों में डिजिटल संसाधनों और प्रशिक्षित शिक्षकों के सहयोग से शिक्षा को तकनीक से जोड़ने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को यह भी जानकारी दी कि राज्य सरकार मेडिसिटी और एडु सिटी जैसी दो नई महत्त्वाकांक्षी परियोजनाओं पर तेजी से कार्य कर रही है।

## जर्जर स्कूल भवन में आया करंट

### नया भवन बनाने को लेकर ग्रामीणों ने जड़ा ताला, बीईओ ने दी समझाईश



**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** वनांचल क्षेत्र मोरकुटुम्ब के जर्जर हो चुके माध्यमिक शाला भवन में अचानक करंट आ गया, इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने शाला भवन में ताला जड़ दिया । जानकारी मिलते ही बीईओ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाईश दी । तब जाकर मामला शांत हुआ । शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोरकुटुम्ब में स्कूल पहुंचे छात्रों को अचानक करंट आ गया । जिससे विद्यार्थियों में अफरा तफरी मच गया । इसकी खबर लगते ही ग्रामीण स्कूल पहुंचने लगे । तत्काल बिजली कनेक्शन काटा गया, नही तो बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी । ग्रामीणों का आरोप है कि वर्ष 2006 में बना शाला भवन अत्यंत जर्जर हो चुका है, बारिश में छतों से पानी टपकता है, यही कारण है कि भवन में करंट आ गया । इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने स्कूल भवन में ताला जड़कर नया भवन निर्माण की मांग करते हुए शाला प्रांगण में बैठ गये । जिसकी खबर लगते ही विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रशांत चिर्वतकर ग्रामीणों के समक्ष पहुंचे । जहां सरपंच कौशिल्या बाई, मयाराम साहू, ग्राम पटेल जयसिंग पडोटी, हरदेव कतलाम अध्यक्ष शाला समिति एवं पूर्व सरपंच सुरेश शोरी ने बताया कि तीन साल से लगातार ग्रामीण जर्जर भवन की मरम्मत एवं नया शाला भवन बनाने की मांग शासन प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से पत्र लेखन के माध्यम से करते आ रहे हैं । लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया । नतीजा आज भवन एकदम जर्जर हो चुका है ।

इससे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रहा है । ऐसी स्थिति में विद्यार्थियों के जान माल का खतरा है । मजबूरन ग्रामीणों को ताला लगाना पड़ रहा है । जिस पर बीईओ प्रशांत चिर्वतकर ने उन्हें बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में माध्यमिक शाला के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के लिए 9.52 लाख रूपये स्वीकृत हो चुका है । जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जायेगा । इस पर भी ग्रामीण नहीं माने और लिखित देने पर अड़े रहे । तब बीईओ के लिखित आश्वासन देने पर ग्रामीण राजी हुए.

**अतिरिक्त कक्ष में लगेगा शाला**

जर्जर माध्यमिक शाला भवन की जगह शाला परिसर से लगे अतिरिक्त कक्ष भवन पर स्कूल लगाने पर सहमति बनी । रोजाना की तरह अब विद्यार्थियों की पढ़ाई अतिरिक्त कक्ष भवन में होगी ।

## स्टेट बार एसोसिएशन के बहु प्रतीक्षित चुनाव की प्रक्रिया शुरू

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** स्टेट बार एसोसिएशन के बहु प्रतीक्षित चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आज नामांकन का पहला दिन था और नामांकन के पहले दिन ही पहला नामांकन प्रदेश के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत प्रभात तिवारी ने दाखिल किया। श्री तिवारी इससे पहले भी स्टेट बार काउंसिल के मेंबर रह चुके हैं और वे अधिमान्यता समिति के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में अधिवक्ताओं के हित के लिए अनेक कार्य किए हैं जिसमें अधिवक्ता कल्याण निधि में इजाफा प्रमुख है। मुख्यत: वकालत पृष्ठभूमि के श्री तिवारी के पिता प्रभात तिवारी भी बिलासपुर उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता रहे हैं। वे अधिवक्ताओं के हित के लिए सदैव संघर्षरत रहे हैं। श्री तिवारी के नामांकन दाखिले से माना जा रहा है कि एक बार फिर वे प्रदेश के अधिवक्ताओं के हित के लिए स्टेट बार काउंसिल में दमदारी पूर्वक पक्ष रखेंगे। श्री तिवारी राजनांदगांव जिला अधिवक्ता संघ के साथ-साथ उच्च न्यायालय बिलासपुर के भी वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। बहरहाल स्टेट बार काउंसिल का चुनाव 30 सितंबर 2025 मंगलवार को मां दुर्गा महाअष्टमी के दिन होना है और इस चुनाव में प्रथम वरीयता का वोट महत्व रखता है। प्रथम वरीयता के बाद द्वितीय वरीयता के वोटो की गिनती होती है। श्री तिवारी की लोकप्रियता को देखते हुए यह माना जा रहा है कि प्रदेश भर के अधिवक्ताओं से मिले प्रथम वरीयता के वोट से ही वे स्टेट बार काउंसिल चुनाव में चुन लिए जाएंगे। नामांकन दाखिले के बाद प्रदेश में अब स्टेट बार काउंसिल के चुनाव की सरगर्मी बढ़ आएगी।



वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत प्रभात तिवारी ने पहला नामांकन दाखिल किया

## वैश्विक स्तर पर भारत के पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अहमदाबाद गुजरात में आयोजित टीटीएफ में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड का स्टॉल बना आकर्षण का मुख्य केंद्र

### मुख्यमंत्री साय के निर्देशानुसार अध्यक्ष नीलू शर्मा के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के पर्यटन को मिल रहा नया आयाम



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अहमदाबाद में आयोजित ञ्ञ्ज्ञ्स्न के पहले दिन 31जुलाई 2025 को उद्घाटन समारोह में जम्मू एंड कश्मीर के मुख्यमंत्री श्री उमर अब्दुल्ला जी, गुजरात के पर्यटन मंत्री श्री मूलू भाई बेरा जी, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा जी,गुजरात के पर्यटन सचिव श्री राजेंद्र कुमार जी और प्रबंध संचालक श्री विवेक आचार्य ने दीप प्रज्वलन के साथ टीटीएफ अहमदाबाद का आधिकारिक शुभारंभ किया। इसके बाद मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा जी ने सभी स्टॉल में जाकर उनके प्रतिनिधियों से मुलाकात भी की। अहमदाबाद के उद्घाटन सत्र के दौरान जम्मू एंड कश्मीर के मुख्यमंत्री श्री उमर अब्दुल्ला जी और गुजरात के पर्यटन मंत्री श्री मूलू भाई बेरा जी ने छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के स्टॉल में पहुंचकर छत्तीसगढ़ से आए प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा एवं प्रबंध संचालक श्री विवेक आचार्य ने उन्हें छत्तीसगढ़ टूरिज्म सर्किट की जानकारी प्रदान करते हुए टूरिज्म सर्किट की बुकलेट भेंट की और छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों के भ्रमण हेतु आमंत्रित भी किया।



## योग जीवन जीने की कला

**राजनागदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पौधे को खाद, पानी, सुरक्षा देनी पड़ती है, नहीं तो जानवर खा जाती है। वही पौधा जब पेड़ बन जाता है, तो हाथी भी बांधे जाते हैं।परमपूज्य योगगुरु बाबा रामदेव जी, आचार्य श्री बालकृष्ण जी हरिद्वार के निर्देशानुसार जिले मे विधार्थी जीवन के बौद्धिक/मानसिक विकास के लिए एक योजना तैयार किया गया है । जिसके तहत विद्यार्थी जीवन पौधे की तरह होता है, जिसमें मानसिक, बौद्धिक एवं शारीरिक विकास के लिए योग की महती भूमिका होती है। आसन, प्राणायाम एवं व्यायाम के माध्यम से जीवन के हर एक क्षेत्र में सफलता पाई जा सकती है। व्यक्ति अपने स्वयं के आत्म बल से अपने परिवार समाज व राष्ट्र की सेवा कर सकता है। बड़े से बड़ी समस्या का समाधान करने तथा बड़ी से बड़ी जिम्मेदारी निभाने में सामर्थ्यवान होने की क्षमता आ जाती है। इसी सर्वांगीण मानवीय विकास की अवधारणा की बीज को प्रस्फुटित करने के उद्देश्य लेकर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा जिले की सभी प्राइवेट/सरकारी स्कूलों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास बघेल जी,राजनांदगांव के विशेष सहयोग से आदेश उनके कार्यालय से इस प्रयोजन हेतु सभी स्कूलों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस संबंध में दिनांक 30 जुलाई को आस्था मूक बधिर शाला में बैठक रखी गई ,जिसमें जिले के प्रभारी श्री हेमंत तिवारी जी , श्री दिलीप राम , इंजीनियर श्री जी.आर.देवांगन तथा सदस्यों ने मिलकर संयुक्त रूप से प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार किये। जिसे मूर्त रूप देने के लिए सभी तहसील स्तर पर प्रशिक्षक नियुक्त होंगे।



**युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु।**
**युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा॥**

दु:खों का नाश करने वाला योग तो यथायोग्य आहार-विहार करने वाले का, कर्मों में यथायोग्य चेष्टा करने वाले का और यथायोग्य सोने तथा जागने वाले का ही सिद्ध होता है,श्रीमद्भगवद्गीता के छठवें अध्याय के 17वें श्लोक हमारे जीवन को व्यवस्थित करने का मूल मंत्र है।इसी परिपेक्ष्य में डोंगरगढ़ माँ बम्लेश्वरी का आशीर्वाद प्राप्त कर तहसील इकाई के साथ वार्ता उपरांत उपरोक्त महतीकार्य की शुरुवात होगी तथा मन्दिर समिति की नई निर्वाचित कार्यकारिणी का स्वागत/अभिनंदन समारोह का एक महत्वपूर्ण भूमिका है । इस कार्य में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से निर्देशित जिले में सभी सक्रिय संगठन भारत स्वाभिमान न्यास, पतंजलि योग समिति, महिला पतंजलि योग समिति, युवा भारत, किसान सेवा समिति, मीडिया प्रभारी, यज्ञ प्रभारी सभी सयुंक्त रूप से मिलकर इस विशेष कार्य को अपने अपनी ऊर्जा के साथ दिखेगे, साथ चलेंगे । उपरोक्त प्रेस विज्ञप्ति इंजीनियर जी.आर.देवांगन ,योग प्रशिक्षक द्वारा प्राप्त हुई।

## बोल बम के नारों के साथ एलबी नगर सहित अन्य ग्रामों के शिवभक्तों का रेला पहुंचेगा जटाशंकर मंदिर

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आप सभी शिवभक्तो को सूचित किया जाता है, कि पवित्र पावन पर्व श्रावन मास के अंतिम सोमवार दिनांक 04/08/2025 को पवित्र स्थल नारायणगढ़ चिचोला राम मंदिर से श्री जटाशंकर मंदिर (शिवधाम पर्वत)डोंगरगढ़ तक शिवभक्तो द्वारा जटाशंकर कावड़ यात्रा का शुभारम्भ प्रात: 08:00 बजे से प्रारम्भ कर जटाशंकर मंदिर कि ओर प्रस्थान करेंगे। जिसमे आप समस्त शिव भक्तो का हार्दिक अभिनंदन स्वागत है भक्तो ने अपील की है कि कावड़ का व्यवस्था स्वयं से करे व सभी भगवा कपड़ा धारण कर यात्रा मे अपने उपस्थिति दे।



## गौसेवा, गौरक्षा के संदेश, गौमाता की झांकी के साथ निकलेगी अंतिम सोमवार कांवड़ यात्रा












**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कारधानी में सावन का पवित्र माह पूर्ण भक्ति भाव, श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में सावन माह मे कांवड़ यात्रा के द्वारा विशेषकर सावन सोमवार को कांवड़ का जल शिव जी को हजारों शिवभक्तों द्वाराअर्पण किया जा रहा है। श्री बागेश्वर धाम मंदिर में श्री बागेश्वर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा सावन महोत्सव 2025 शिवभक्ति के साथ जनकल्याण की भावना के साथ मनाया जा रहा है। तीन कांवड़ यात्राएं प्रति सोमवार में हरित कांवड़ यात्रा, सिन्दूर तिरंगा कांवड़ यात्रा, श्रीरामहनुमानशिव त्रिदेव कांवड़ यात्रा शिवभक्तों द्वारा शिवभक्ति के साथ-साथ पर्यावरण, राष्ट्रप्रेम, पुरातन सनातन धर्म का संदेश देने हेतु निकाली जा चुकी है।अंतिम सोमवार,को हमारे देश में हिंदुस्तान वासियो में माता का दर्जा प्राप्त पूज्यनीय गौमाता की गौसेवा सुरक्षा हेतु एक प्रेरणात्मक संदेश देने हेतु श्री बागेश्वर धाम गौ-सेवा प्रेरणा कांवड़ यात्रा निकाली जावेगी जिस हेतु बागेश्वर धाम सेवकगण, पंकज गुप्ता, सूरज गुप्ता, विजय गुप्ता, मयंक शर्मा, भावेश अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल, राजेश शर्मा द्वारा गौमाता, जिनमे सनातन धर्म में यह माना जाता है कि गौमाता के हर एक अंग में इष्ट देवों देवी व संपूर्ण 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास रहता है के विषय पर सेवा संदेश देने हेतु निकाली जा रही कांवड़ यात्रा में वृहद तैयारी की जा रही है। पिछली तीन कांवड़ यात्राओं में संबंधित विषयों पर आकर्षक झांकियों की तरह ही इस बार भी त्रिदेवों भगवान श्रीकृष्ण, शिवजी, हनुमान जी गौ-सेवा, गौरक्षा का संदेश देते हुए झांकी पंकज गुप्ता,सौरभ गुप्ता,प्रतीक गुप्ता ,गप्पू सोनकर व अन्य सेवकों द्वारा तैयार की जा रही है। गौमाता जो कि हमारे जीवन के प्रारंभ से अंत तक हमारे, दैनिक जीवन मे,पूजन मे,अनुष्ठान में हमारे सारे जीवनकाल में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भगवान शिव के कांवड़ के साथ गौसेवा, गौरक्षा का पवित्र संदेश देने हेतु संस्कारधानी के समस्त धर्म प्रेमी शिवभक्तों गौसेवको से कांवड़ यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।उक्त जानकारी श्री बागेश्वर मंदिर सेवक अजय गुप्ता द्वारा डी गई।

## हरि प्रसाद सेवानिवृत्ति होने पर विदाई और सम्मान किया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वन विभाग के सहायक ग्रेड 2 पद पर सेवारत कर्मचारी हरिप्रसाद गुप्ता का सेवानिवृत्ति होने पर विदाई



सम्मान समारोह आयोजित कार्यक्रम में 31 जुलाई को किया गया. इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं समस्त वन कर्मचारी संघ परिक्षेत्र खुज्जी वन मण्डल की गरिमामय उपस्थिति रही. उपस्थित कर्मचारियों ने श्री गुप्ता के साथ कार्यानुभव को साझा किया और उनके नेतृत्व क्षमता और हमेशा सहयोग की भावना की प्रशंसा की और बताया कि इनके अनुभवों और नेतृत्व क्षमता का लाभ सभी कर्मचारियों को मिला. बता दें कि श्री गुप्ता 1991 से दैनिक वेतनभोगी के रूप में कार्य करते हुए दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसका उल्लेख उपस्थित कर्मचारियों ने किया. इसके साथ ही वे अनेक डीएफओ और रेंजरों के साथ कार्य कर चुके हैं. इस अवसर पर रेंजर खुज्जी चंद्रशेखर भंडारी, शकुंतला वैष्णव कुमरदा सर्किल डिप्टी रेंजर, अन्नपूर्णा साहू डिप्टी रेंजर दर्री रोपनी, मुक्तेश्वर वर्मा सर्किल, संजय फुंढे, माइकल एंथोनी, राजेश रडके, अंजू सोनी, अरुण शर्मा, दिलीप तिवारी, विजय वासनिक, रवि राव, प्रशिक्षु रेंजर प्रवीण देहारे, मीनाक्षी गणवीर, अजय गढ़पायले, वन कर्मचारी संघ अध्यक्ष कमलेश जांगड़े, शिव कुमार साहू वनपाल, ममता भैंसवारे, पुष्पा शुक्ला, अनुसुइया राव सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल थे।

## कबीरधाम जिले में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध, 80 प्रतिशत से अधिक भंडारण और 74 प्रतिशत वितरण पूर्ण

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )** कबीरधाम जिले के किसानों के लिए खरीफ सीजन 2025 में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर के कुशल मार्गदर्शन में कृषि विभाग, विपणन संघ (मार्कफेड) और सहकारी समितियों के समन्वय से यह कार्य योजनाबद्ध रूप से किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा समय से पहले और व्यवस्थित ढंग से खाद का भंडारण एवं वितरण सुनिश्चित किया गया है। खरीफवर्ष 2025 के लिए सहकारी क्षेत्र के लिए कृषि विभाग




द्वारा निर्धारित 55,864 मैट्रिक टन खाद लक्ष्य के विरुद्ध 31 जुलाई 2025 की स्थिति में 44,165 मैट्रिक टन, यानी 80 प्रतिशत खाद का भंडारण जिला स्तर पर कराया जा चुका है। वहीं सेवा सहकारी समितियों को अब तक 41,291 मैट्रिक टन खाद (लगभग 74 प्रतिशत ) उपलब्ध कराया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि पूर्व वर्ष 2024 की तुलना में इस वर्ष 3 जुलाई 2025 तक ही सेवा सहकारी समितियों को 90 प्रतिशत खाद उपलब्ध करा दी गई है, जो किसानों की बढ़ती जरूरतों और समयबद्ध वितरण का स्पष्ट संकेत है।

## हिंदू जागरण मंच राजनंदगांव ने आयुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लोगों की शिकायत आने के पश्चात हिंदू जागरण मंच ने मंदिर के बाजू में मांस मटन विक्रय और शौचालय निर्माण पर आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा और नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु कहा गया क्योंकि शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के सामने छात्रों के द्वारा भी संगठन को जानकारी दी गई संगठन ने आयुक्त से अतिक्रमण पर नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु ज्ञापन दिया है.

## रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 6 अगस्त को

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 6 अगस्त 2025 को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में इंजीनियर्स इंटरप्राईजेस रामाधीन मार्ग राजनांदगांव द्वारा फैक्ट्री सुपरवाईजर के 2 पद, लेथ मशीन टर्नर ऑपरेटर के 8 पद, स्लोटर मशीन ऑपरेटर के 2 पद, वेल्डर के 2 पद, हॉरिजेन्टल बोरिंग मशीन ऑपरेटर के 2 पद, हेल्पर के 5 पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 2 पद, मैनेजर के 2 पद एवं शिव शक्ति एग्रीटेक प्राईवेट लिमिटेड तेलीबांधा रायपुर द्वारा सेल्स रिप्रेसेटेटिव के 40 पद, एग्रीकल्चर ऑफिसर के 5 पद तथा बत्रा पीयूसी एण्ड आरटीओ एडवाईजर ठाकुरटोला नियर टोल प्लाजा राजनांदगांव द्वारा मेकैनिक के 1 पद पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो व रोजगार पंजीयन कार्ड लाना अनिवार्य है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है।

# लगातार हो रही दुर्घटनाओं से आक्रोशित वार्डवासी हफीज खान के नेतृत्व में पहुंचे रेलवे स्टेशन

## रेलवे फाटक पर पुख्ता सुरक्षा इंतजामों की मांग को लेकर स्टेशन प्रबंधक के नाम सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गौरी नगर रेलवे फाटक व आसपास में आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं इसी कड़ी में कल एक दंपत्ति भी दुर्घटना का शिकार हो गई उनकी कार बाइक वाले को बचाने की कोशिश में फाटक के बगल वाली खुली नाली में गिर पड़ी नाले का गड्ढा बड़ा होने के कारण कार आधी अंदर घुस गई व क्रेन से उसे निकलना पड़ा इसमें कार में मौजूद दंपत्ति को ज्यादा चोट नहीं आई लेकिन हादसा बेहद खतरनाक था ऐसे ही वहां दोनों ओर पैरा फिट वाल न होने के कारण व पटरी के पास की इंटरलॉकिंग ऊबड़ खाबड़ होने की वजह से रोज कुछ न कुछ होता रहता है इंटरलॉकिंग के गड्ढों में ई रिक्शा कार स्कूटी आदि फंस जाती हैं कभी कोई पटरी पर गिर जाता है कभी नाली में ऐसे में क्षेत्रवासियों के लिए हमेशा खतरा बना रहता है इन सभी विषयों को ले कर आज गौरी नगर वार्ड व आस पास के रहवासियों ने आक्रोशित हो कर राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष व नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद हफीज खान के नेतृत्व में स्टेशन पहुंचे व सक्षम अधिकारी से मिल कर ज्ञापन सौंपा साथ ही सभी ने पटरी पार वासियों की रेलवे विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया श्री खान ने तत्काल इंटरलॉकिंग सुधार करने और पैरा फिट वाल रेलिंग इत्यादि सभी सुरक्षा व्यवस्थाओं का इंतेज़ाम करने कहा,



पूर्व पार्षद समद खान ने आपातकालीन सेवाओं जैसे एम्बुलेंस आदि और छात्रों को स्कूल कॉलेज व परीक्षाओं में पहुंचने में हो रही लगातार समस्याओं के बारे में अवगत कराया साथ ही कांग्रेस प्रवक्ता अभिमन्यु मिश्रा ने अंडरब्रिज के कार्यों में देरी का मुद्दा उठाया साथ ही पटरी पार वासियों की सालों पुरानी मांग जो आखिरकार पूरी होने वाली थी उसमें भी उदासीनता का मुद्दा उठाया ।

इन सब पर रेलवे प्रशासन द्वारा पुख्ता सुरक्षा इंतेज़ाम तुरंत करने के साथ एम्बुलेंस के लिए अलग से व्यवस्था करने व अंडर ब्रिज का कार्य बारिश के बाद तुरंत शुरू करवाने का आश्वासन दिया साथ ही श्री खान ने यह भी कहा कि इन सब के साथ रहवासियों के साथ अधिकारियों द्वारा बदतमीजी की जाने की भी शिकायतें आ रही हैं जो कि सही नहीं है इसके साथ इस प्रकार का उदासीन रवैया अगर रेलवे प्रशासन का आगे भी रहा तो बड़ी संख्या में पटरी पार वासियों की उपस्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है उक्त मौके पर राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष हफीज खान के साथ पूर्व पार्षद समद खान, कांग्रेस प्रवक्ता अभिमन्यु मिश्रा, वरिष्ठ नागरिक के आर रावत, जीवन लाल चौहान, जॉन रूबीन, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, सतीश लाल, देवेन्द्र पीटर, जाकिर खान, विजय यादव, हरीश यादव, अशोक शर्मा, यासीन शेख, रोहित बाघ, बिलाल खान, मन्नू पंचतिलक, संतोष यादव, रंजीत यादव, गंगाधर यादव, जीवेंद्र कुंजाम, महेश साहू, प्रदीप सारथी, जितेंद्र , निखिल, फरीद खान, दीपक, टीकम यादव, डॉ महेंद्र बघेल, सूरज यादव, राजकुमार, राजेश, सुरेश नेताम, नावेद अली, सलीम, बाबू, इरफान छोटू, प्रमोद, गोपी सिन्हा, पन्नउ यादव, प्रेमलाल चौहान, जितेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

## रैम्प योजना अंतर्गत उद्योग और बैंकर्स मीट का हुआ आयोजन



**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** जिला प्रशासन कबीरधाम एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में रैम्प योजना के तहत एमएसएमई क्षेत्र के तीव्र विकास हेतु उद्योग एवं बैंकर्स मीट का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कबीरधाम की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमी, महिला उद्यमी, अग्रणी जिला प्रबंधक, विभिन्न बैंकों एवं विभागों के अधिकारी, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स तथा डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन उपस्थित रहे। बैठक में महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा बैंक प्रबंधकों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। बैंकों की ओर से वित्तीय सहायता, ऋण सुविधाएं एवं अन्य बैंकिंग सेवाओं से संबंधित विषयों पर जानकारी साझा की गई। उद्यमियों और बैंक अधिकारियों के बीच प्रत्यक्ष संवाद के दौरान उद्यमियों ने अपने व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं को खुलकर रखा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय ने संबंधित बैंक अधिकारियों को समस्याओं के समाधान और यथासंभव सहायता प्रदान करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के संवाद कार्यक्रम एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहेगा, जिससे उद्यमियों को लाभ मिल सके और जिले में स्वरोजगार एवं औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहन प्राप्त हो।

## मनिहार बिरादरी का प्रदेश अध्यक्ष चुनाव 14 सितंबर को, तैयारी जोरों पर

**1 अगस्त से चलेगा सदस्यता अभियान, राजनांदगांव में होगा मतदान**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ सुन्नी मुस्लिम मनिहार (लखेर) बिरादरी वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव 14 सितंबर 2025 को राजनांदगांव में होगा। चुनाव को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है। चुनाव



निष्पक्ष और गुप्त मतदान के माध्यम से संपन्न कराया जाएगा। चुनाव समिति के संयोजक शकील अहमद ने बताया कि इस महत्वपूर्ण चुनाव के लिए नौ सदस्यीय समिति बनाई गई है। इसमें उनके अलावा हाजी वसीम अहमद जगदलपुर, हाजी प्रो. आरिफसाहब दुर्ग, शेख अलीम बिलासपुर, मोहम्मद नईम एडवोकेट रायपुर, मोहम्मद शफी राजिम, मोहम्मद हफीज वारसी राजनांदगांव, अनीश मनिहार रायपुर और मोहम्मद नौशाद बक्स महासमुंद शामिल हैं। समिति ने चुनाव को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पूरे छत्तीसगढ़ को सात जोनों में बांटा है, जिसमें जगदलपुर जोन में सुकमा, दंतेवाड़ा, बचेली, नगरनार, बस्तर, भानपुर, धमतरी जोन में नगरी, बालोद, रायपुर जोन में नवागांव, भिलाई, भाटापारा जोन में बलौदा बाजार एवं राजनांदगांव जोन में मोहला, डोंगरगांव, खैरागढ़, दुर्ग, अंडा, उतई, कांकेर, बिलासपुर जोन में पेंड्रा, गौरेला, कोटा, जांजगीर, सरगांव, उरतुम, देवरीडीह एवं महासमुंद जोन में राजिम, नवापारा राजिम, फिंगेश्वर, गरियाबंद शामिल है। चुनावी शेड्यूल में 1 से 22 अगस्त तक सदस्यता अभियान, 28 अगस्त को मतदाता सूची का प्रकाशन, 29-30 अगस्त को मतदाता सूची पर दावा-आपत्ति, 2 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन, 3 से 7 सितंबर को अध्यक्ष पद के लिए आवेदन जमा, 9 सितंबर को रायपुर में नाम वापसी, स्क्रूटनी और चुनाव चिन्ह आवंटन एवं 14 सितंबर को सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक मतदान (राजनांदगांव में) शाम 4 बजे से मतगणना और परिणाम घोषित होंगे।

## तीरथ राम देवांगन व डॉ. गजेंद्र हरिहारनो का सेवानिवृत्त पर सम्मान समारोह में दी विदाई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुज्जी में सेवा निवृत्त विद्वान शिक्षक द्वय श्री तीरथ राम देवांगन प्रधान पाठक एवं डॉ. गजेंद्र कुमार हरिहारनो उच्च वर्ग शिक्षक को 62 वर्ष आयु पूर्ण पश्चात सेवा निवृत्ति पर संकुल स्तर पर शाला प्रांगण खुज्जी में ससम्मान विदाई दिया गया । व्याख्याता चैन कुमार सोनवानी ने बताया कि सपरिवार शाला आगमन पर सेवा निवृत्त शिक्षकों का गुलाल से अभिषेक कर फुलमाला से स्वागत करते हुए उनको मंच तक लाया गया । कार्यक्रम के अध्यक्षता श्री आर एल पात्रे विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने किया। विशिष्ट अतिथि सुयश श्री नाहटा पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, श्री जी एस साहू प्रभारी प्राचार्य खुज्जी, श्री राजेंद्र कुमार ठाकुर सेवा निवृत शिक्षक, श्री जे आर यादव अध्यक्ष पेंशनर्स एसोसिएशन डोंगरगांव, श्री साकेत गंजीर सेवा निवृत्त शिक्षक, तोरण लाल साहू से नि शिक्षक, जगत



राम सोनकर पूर्व अध्यक्ष, देवानंद साहू पूर्व अध्यक्ष, श्रीमती विशाखा घरेन्द्र अध्यक्षा शाला विकास समिति थे । समारोह मां सरस्वती की पूजा अर्चना से शुभारंभ हुआ । इस अवसर पर शाला के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । मोहनलाल साहू ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया । श्रीमती डी मानकर प्रभारी प्रधानपाठक एवं श्रीमती भूमिका साहू शिक्षिका के द्वारा सेवानिवृत शिक्षकों के सम्मान पत्र का वाचन बाद संकुल तथा शाला परिवार की ओर से शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया । सभी उपस्थित अतिथियों ने सेवा निवृत्त शिक्षकों के दीर्घायु होने, स्वस्थ रहने, मस्त रहने एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी । विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा सेवा निवृत्त शिक्षकों के समस्त सत्वों के बारे में जानकारी देते हुए शिक्षकों की उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। सेवा निवृत्त प्रधान पाठक श्री तीरथ राम देवांगन ने कहा कि दुनियां में अपनी क्षमता और योग्यता से रूबरू होने से बड़ी कोई नेमत नहीं है खुद को निखरना खुदा की बंदगी के समान है आत्म परिष्कार प्रार्थना से काम नहीं है इंसान को जन्म एक बार मिलता है किंतु जीवन हर दिन, हर पल नया हो सकता है इसकी सही पहल की जाएं । सेवानिवृत्त शिक्षक डॉ गजेंद्र हरिहारनो ने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि कार्य की शैली ही व्यक्तित्व का मुकम्मल बयान है । साथ-साथ अपने-अपने शिक्षकीय जीवन के अनुभव को शेयर की । इस अवसर पर विजय जैन संकुल समन्वय, व्याख्याता चैन कुमार सोनवानी, शिक्षक श्रीमती सरस्वतीतीरथ देवांगन, खोरबाहरा राम निषाद, के के देवांगन, जवाहरलाल मेश्राम, श्री कीर्तन ठाकुर, श्रीमती दुर्गेश्वरी ठाकुर, गैंदालाल चतुर्वेदी, अनिल शर्मा, पंकज साहू, सागर सलामे, श्रीमती कमलाबाई, पूजा जय शर्मा, रामशिला ठाकुर, हेमीन बाई, कुमारी बाई सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी अंतिम चरणों में



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ईष्ट देव भगवान श्री कृष्ण जी की जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए एवं भगवान श्री कृष्ण जी की शोभा यात्रा झाँकी निकालने के संबंध में नगर के विभिन्न वार्डो में विगत 4 सप्ताह से बैठक जारी है जिसमें अगली बैठक दिनांक 03/08/2025 दिन - रविवार को दोपहर 2 बजे से यादव समाज भवन नंदई चौक, राजनांदगांव में आयोजित की गई है। इसी तारतम्य में समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के संबंध में आयोजन का अंतिम रूपरेखा तैयार किया जाएगा जिसमें भगवान श्री कृष्ण जी की विशाल शोभा यात्रा उनके अनेक लीलाओं पर आधारित झाँकी निकाली जायेगी इस संबंध में चर्चा की जाएगी। इस बैठक में कोसरिया यादव समाज के संरक्षकगण, नगर पदाधिकारीगण, महिला मंडल पदाधिकारीगण, वरिष्ठगण, गौंटियागण, वार्ड अध्यक्ष, युवा मंडल, वार्ड के सामाजिक सदस्यों की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न होगी।

**शुभांक**

**2-8-9**

**190-0 238-3**

**भाग्यांक**

**560-1 266-4**


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**

**कार्यालय मुख्य अभियंता**

**महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 172803/निविदा सूचना क्र. 06/वलेलि/2025-26, राजनांदगांव दिनांक 30.07.2025

**निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 20.08.2025 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-**

**कार्य का नाम** - राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव विकासखण्ड अन्तर्गत शिवनाथ व्यपवर्तन के मुख्य नहर आर.डी. 34580 मी. से 50550 मी. एवं 08 नग लघु नहरों (सिंघोला-3, ढ़ोड़िया, धामनसरा-1, धामनसरा-2, जंगलेसर, कोटराभांठा-1, कोटरभांठा 2. पार्टीखुर्द) का लाईनिंग एवं पुनर्निर्माण एवं 100 नग स्ट्रक्चर का निर्माण / पुनर्निर्माण अर्थात मुख्य नहर के 08 नग माइनर हेड, 03 नगनॉन कन्ट्रोलिंग वियर, 10 नग व्ही. आर.बी. कम साईफन, 05 नग व्ही.आर.बी., 02 नग 1.50 मीटर फॉल, 01 नग 0.90 मीटर फॉल, 01 नग 0.60 मी. फॉल, 15 नग इनलेट (पाईप), 05 नग इनलेट (स्लैब) व्ही.आर.बी. के विंगवॉल, पैरापेट वॉल एवं स्लैब का मरम्मत एवं लघु नहरों में 04 नग 0.30 मीटर फॉल, 10 नग 0.45 मीटर फॉल, 06 नग 0. 60 मीटर फॉल, 02 नग 1.20 मीटर फॉल, 03 नग 0.90 मीटर फॉल, 14 नग व्ही.आर.बी. कम साईफन, 10 नग व्ही.आर.बी., 01 नग डी.सी. एवं मुख्य एवं लघु नहरों में 158 नग कुलापा का निर्माण कार्य।

**अनुमानित लागत - रू. 3034.05 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 06.08.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोटः निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)**
**कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर, (छ.ग.)**

**जी - 252602518/5**

**नाम परिवर्तन सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार Rajveer Kutare , पिता Lukesh Kumar, जाति- महार, निवासी- शिक्षक कॉलोनी, वार्ड नंबर 12, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ का है। मेरे पक्षकार का जन्म 16/06/2004 को हुआ। जन्म के समय मेरे पक्षकार का नाम Rajveer Kutare दर्ज किया गया था।

जिसे अब मेरे पक्षकार ने Rajveer Singh Maurya में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है। अतः मेरे पक्षकार अपने समस्त शैक्षणिक, शासकीय तथा पहचान पत्रों में नाम Rajveer Singh Maurya, पिता का नाम Lukesh Kumar, तथा जन्म तिथि 16/06/2004 ही दर्ज करवाना चाहते हैं, जो कि सही और वास्तविक जानकारी है।

मेरे पक्षकार ने अपने समस्त अभिलेखों में नाम सुधार करवाने हेतु यह नाम परिवर्तन सूचना प्रकाशित करवाई है।

**दिनांक: 01/08/2025**

**भवदीय**
**लवकुमार रामटेके,**
**श्रीमती दीपा रामटेके**
**अधिवक्ता छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट,**
**राजनांदगांव, बिलासपुर**
**मो. 9827480450**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव, छ.ग.**

**// ईश्तहार //**

क्र./ अविअ/प्रवा0-3/2025
राजनांदगांव, दिनांक 23/07/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक......शुभांशु तिवारी पिता सत्येन्द्र तिवारी, निवासी ब्राम्हण पारा, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम चिखली, पटवारी हल्का नंबर 39, खसरा नंबर 124/112 व 124/128 रकबा क्रमशः 0.0067 व 0.0049 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्?घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 01/08/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 23/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगाँव**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव, छ.ग.**

**// ईश्तहार //**

क्र./ अविअ/प्रवा0-3/2025
राजनांदगांव, दिनांक 23/07/ 2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अर्चना तिवारी पति स्व0 सत्येन्द्र तिवारी, निवासी ब्राम्हण पारा, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम चिखली, पटवारी हल्का नंबर 39, खसरा नंबर 124/114, 124/117 व 124/118 रकबा क्रमशः 0.0155, 0.0200 व 0.0496 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 01/08/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 23/07/2026को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगाँव**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) राजनांदगांव,जिलाङ्कराजनांदगांव,छ.ग.**

**// ईश्तहार //**

क्र./ अविअ/प्रवा.-3/2025
राजनांदगांव, दिनांक 23/07/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक.......प्रशांत तिर्वारी पिता भूपेन्द्र तिवारी, निवासी ब्राम्हण पारा, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम चिखली, पटवारी हल्का नंबर 39, खसरा नंबर 124/123 रकबा 0.0791 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 01/08/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 23/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगाँव**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव,छ.ग.**

**// ईश्तहार //**

क्र./ अविअ/प्रवा.-3/2025
राजनांदगांव, दिनांक 23/07/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक..... दीप्ती तिवारी पति ओमप्रकाश तिवारी, निवासी ब्राम्हण पारा, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम चिखली, पटवारी हल्का नंबर 39, खसरा नंबर 124/122 रकबा 0.0334 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 01/08/2025 तक तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 23/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलय की मोहर से जारी किया गया।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगाँव**

**तहसीलदार राजनांदगांव के न्यायालय जिला राजनांदगांव छ.ग.**

**-: ईश्तहार ::-**

रा.मा.कं...बी-121 वर्ष2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधन आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भोला लाल सोनी आ शिवकुमार सोनी निवासी शहर / ग्राम राजनांदगांव प0ह0न0. .तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा अपने पुत्र/पुत्री/माता / पिता/अन्य भोला लाल सोनी आ0 शिवकुमार सोनी जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कियें जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जियी किसी व्यक्ति को तक लिखित में स्वंय / अथवा कोई दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 12/08/2025 अपने अभिभाषक के माध्याम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर वितार नही किया जावेगा ।

यह ईश्तहार दिनांक 31/07/2025 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक- 31/07/2025**
**सुनवाई दिनांक 12/08/2025**

सील — **कार्यपालिक दडाधिकारी राजनांदगांव छ.ग.**

## ज्ञान मंथन

*1) मौर्य काल के दौरान राज्य के राजस्व की वसूली कौन सा अधिकारी करता था?*
*2) हेमिस त्योहार भगवान पद्संभव को समर्पित है, जिन्हें बुद्ध के प्रतिनिधि अवतार के रूप में सम्मानित किया जाता है। यह भारत के किस भाग में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है?*
*3) भारत के किस राज्य में हिंडन नदी किस राज्य में बहती है?*
*4) विष्णु और भागवत पुराण में किस जैन तीर्थंकर को विष्णु का अवतार बताया गया है?*
*5) हाल ही में द्रौपदी मुर्मू ने दिव्यांग सोशल एक्टिविस्ट के.एस.राजन्ना को किस पुरस्कार से सम्मानित किया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) संहर्ता (2) लद्दाख (3) उत्तर प्रदेश (4) ऋषभदेव (5) पद्मश्री

# कांग्रेस की मजबूती और समर्पित नेता थे उदय भैया : कुलबीर

## कांग्रेसजनों ने शहीद स्व. उदय मुदलियार जी की जयंती पर उनके विचारों को किया याद



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहीद स्व.उदय मुदलियार जी की जयंती पर 31 जुलाई गुरूवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेस भवन में संगोष्ठी सभा आयोजित कर पुष्पाजंलि अर्पित करते हुए उनके योगदानों को याद किया गया।

सभा का संचालन करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि झीरम हमले में शहीद राजनांदगांव के पूर्व विधायक स्व. उदय मुदलियार जी की जयंती पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में प्रियनेता शहीद स्व.मुदलियार जी की जयंती पर कामठी लाइन स्थित चुनाव कार्यालय में उनके तैलचित्र पर माल्यापर्ण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर स्व.मुदलियार अमर रहे के नारे लगाते हुए संगोष्ठी सभा की शुरूआत हुई।

इस दौरान संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू ने स्व. उदय मुदलियार को नमन करते कहा कि संगठन के प्रति समर्पित और जुझारू नेता थे, संगठन द्वारा जो भी उन्हें जिम्मेदारी दी वह बखूबी निभाया। उनके साथ बिताएं पलों को याद करते हुए कहा कि हमने एक निष्ठावान साथी खो दिया जो गरीब जनता के हक के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे। उदय जी का सबसे बड़ी खासियत यह रही कि लोगों की अलग-अलग विचार, मतभेद होने के बाद भी उसे संगठित करने की बेजोड़ रणनीति की परख थी। संगोष्ठी सभा को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कांग्रेस बस्तर प्रभारी एवं राजनांगदगांव के पूर्व विधायक शहीद स्व. मुदलियार जी को नमन करते हुए कहा कि राजनांदगांव के लाडले सफल राजनेता एवं कुशल नेतृत्व के धनी थे उदय भैया, कांग्रेस संगठन के प्रति अटूट आस्था थी। स्व.मुदलियार जी की कही हुई बातें अविस्मरणीय है। उनके बताएं हुए मार्ग पर सभी को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। यह हमारे लिए दुर्भाग्य की बात है कि झीरम घाटी में 25 मई 2013 को हुए नक्सली घटना में ऐसे कांग्रेस के नेता को हमने खोया है जो दिन रात कांग्रेस संगठन को मजबूत करने में लगे रहते थे, जिसे हम कांग्रेसजन कभी भूला नहीं पाएंगे। तत्पश्चात उपस्थित



कांग्रेसजनों ने दो मिनट मौन श्रद्धांजलि अर्पित की। संगोष्ठी सभा को वरिष्ठ कांग्रेसी कुतबुद्दीन सोलंकी, पूर्व युवा आयोग अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, इकरामुद्दीन सोलंकी, पंकज बांधव, श्रीमती शारदा तिवारी, ननि नेताप्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, संगोष्ठी सभा के माध्यम से उनके साथ बिताए पलों को साझा कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात कांग्रेसजनों ने गायत्री मंदिर स्थित स्व. उदय मुदलियार की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से शहर उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, महामंत्री नरेश शर्मा, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, विरेन्द्र चंद्राकर, अतुल शर्मा, भरत सोनी, भोला यादव, नरेश साहू, महेश साहू, मनीष साहू, एजाजूर रहमान, मामराज अग्रवाल, लक्ष्मण साहू, दीनू साहू, चेतन सिन्हा, नीरज कन्नौजे, भगवानदास सोनकर, सागर ताम्रकार, नासिर भाई, शौर्य वैष्णव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे। उपस्थित कांग्रेसजनों का महामंत्री झम्मन देवांगन ने आभार व्यक्त किया।

## डॉ. रूपेन्द्र कवि हुये छग राजभवन में डिप्टी सेक्रेटरी पद पर प्रतिनियुक्त

अरविन्द तिवारी

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ के प्रख्यात मानव विज्ञानी , साहित्यकार एवं जनजातीय शोधकर्ता डॉ. रूपेन्द्र कवि को छत्तीसगढ़



राज्यपाल सचिवालय में डिप्टी सेक्रेटरी (उप सचिव) पद पर प्रतिनियुक्त किया गया है। वे वर्तमान में आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (क्षेत्रीय इकाई) , बिलासपुर में उपसंचालक पद पर कार्यरत थे। डॉ. कवि को यह दायित्व उनके व्यापक प्रशासनिक अनुभव , अनुसंधान क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान तथा आदिवासी समाज के लिये सतत कार्य के आधार पर प्रदान किया गया है। गौरतलब है कि डॉ. रूपेन्द्र कवि मूलत: बस्तर संभाग के जगदलपुर से हैं और वे जनजातीय समाज के सांस्कृतिक , सामाजिक और आर्थिक पहलुओं पर गहन कार्य कर चुके हैं। एक मानव वैज्ञानिक होने के साथ-साथ वे एक सजग साहित्यकार भी हैं , जिन्होंने कविता , निबंध और सामाजिक विश्लेषण के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। वे प्रदेश की कई शोध परियोजनाओं का नेतृत्व कर चुके हैं और विभिन्न राष्ट्रीय व राज्यस्तरीय संगोष्ठियों में बस्तर और छत्तीसगढ़ के आदिवासी जीवन पर आधारित व्याख्यान दे चुके हैं। उनका लेखन समाज के वंचित वर्गों की आवाज को स्वर देने वाला रहा है। उनकी इस नियुक्ति पर शोध संस्थान के अधिकारियों , कर्मियों , साहित्यिक और शैक्षणिक जगत से जुड़े व्यक्तियों सहित उनके मित्रों व परिजनों ने हार्दिक शुभकामनायें दी हैं। सभी ने आशा जताई है कि डॉ. कवि अपनी संवेदनशीलता , दूरदर्शिता और सेवा भाव के साथ इस नई जिम्मेदारी को भी सफलता पूर्वक निभायेंगे। डॉ. कवि की यह उपलब्धि राज्य प्रशासन और सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की प्रतिभा को नई पहचान दिलाने वाली है।

## वृक्षारोपण के साथ स्वच्छता पखवाड़ा का समापन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में कौशल विकास का प्रशिक्षण प्रदान करने वाली संस्था जन शिक्षण संस्थान द्वारा 16 जुलाई से 31 जुलाई तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया जिसके अतर्गत जिले में संचालित प्रशिक्षण केंद्रों में स्वच्छता के सम्बंध में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जैसे चिचोला में स्वच्छता रैली , हल्दी में स्वच्छता स्लोगन , डोंगरगढ़ में चित्रकारी , कल्डबरी में स्वच्छता पर भाषण प्रतियोगिता , मनगटा में स्वच्छता जागरूकता ब्रह्मकुमारीज के साथ मिलकर प्रमाण पत्र वितरण इत्यादि इसी के साथ कार्यालय परिसर में साफ सफाई तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ स्वच्छता पखवाड़ा का समापन किया गया ।



# गायत्री विद्यापीठ में नन्हें विद्यार्थियों ने संभाली कप्तानी की कमान

### बैच लगाकर तिलक वंदन कर किया गया सम्मान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ में आज गर्व का क्षण आया जब कक्षा पाँचवीं के नन्हें छात्र-छात्राओं को विद्यालय का शाला नायक एवं समूह लीडर नियुक्त किया गया। विद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष प्रतिभाशाली, अनुशासित एवं नेतृत्व क्षमता वाले विद्यार्थियों का चयन शाला नेतृत्व के लिए किया जाता है। इस वर्ष भी शालेय परम्परा अनुरूप कक्षा पाँचवीं से हेड ब्वॉय रूद्रांश तिवारी, हेड गर्ल अनाया सोनी, असिस्टेंट हेड ब्वॉय शौर्य साहू, असिस्टेंट हेड गर्ल अनाया वर्मा। हाउस प्रीफेक्ट सुभाष से सबरीन परवीन, ओजस सोनबोईर, प्रताप हाऊस से



गुरसीमरन कौर, मिहिर साहू, आजाद से रूद्र साहू, अवनि खण्डेलवाल, शिवाजी से रविकान्त एवं रोमान्सी चुने गए। जिन्होंने अपने व्यवहार, अनुशासन, अध्ययन में उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा सहयोग भावना के कारण सभी शिक्षकों का विश्वास अर्जित किया। इस अवसर पर शाला की प्राचार्य शैलजा नायर एवं प्राईमरी विभाग प्रमुख श्रीमती वसुधा लड ?ढा ने विद्यार्थियों को बैच लगाकर सम्मानित किया। प्राचार्य द्वारा सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छोटे बच्चों में भी नेतृत्व की अद ?भुत क्षमता है, आवश्यकता है तो बस उन्हें सही दिशा देने की। शाला की व्याख्याता एवं मीडिया प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार उक्त आयोजन में नन्हें विद्यार्थियों ने अपने पद की गरिमा बनाये रखते हुए सत्य, निष्ठा से अपना दायित्व निभाने का संकल्प लिया। संचालन शिक्षिका श्रीमती सीमा गायधने द्वारा किया गया।

इस पुनीत कार्य हेतु गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ.बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्री राजेश जैन, श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, सचिव श्री गगन लड ?ढा, सहसचिव श्री निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष श्री सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, प्रशासक श्री अनिल बाजपेयी, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, स्कूल मैनेजर श्री तरणजीत सिंह टूटेजा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

## शक्तिधाम महाकाली मंदिर में विधिवत परंपरा के साथ मनाई गई नागपंचमी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के बाबूटोला वार्ड क्रमांक 1 स्थित शक्तिधाम महाकाली मंदिर में नागपंचमी का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना कर नागदेवता का आह्वान किया गया एवं जंगल से औषधीय जड़ी-बूटियों लाकर विधिवत पूजन किया गया। मंदिर परिसर में गुरुदेव हरीश यादव के सान्निध्य में धार्मिक विधियों का आयोजन हुआ। गुरुदेव ने नागदेवता की पूजा कर क्षेत्र में शांति, सुख-समृद्धि और निरोगी जीवन की कामना की। उन्होंने बताया कि नागपंचमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति हमारी श्रद्धा और संवेदना को दर्शाने वाला दिन है। इस दिन नागदेवता को प्रसन्न करने के लिए परंपरागत बिहाट गीतों का भी गायन किया गया, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। पूजा-अर्चना के दौरान बड़ी संख्या में मंदिर समिति के सदस्यगण, श्रद्धालुजन एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। सभी ने सामूहिक रूप से पूजा में भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया।



## छत्तीसगढ़ में 18 अगस्त से एनएचएम कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ में एनएचएम (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) के संविदा कर्मचारियों ने 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान कर दिया है। आंदोलन की चेतावनी 30 जुलाई को रायपुर में हुई प्रांतीय बैठक में दी गई। बैठक में प्रदेश के सभी 33 जिलों से आए जिलाध्यक्ष और पदाधिकारियों ने भाग लिया। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी ने बताया कि सरकार को 15 अगस्त तक का समय दिया गया है। यदि तब तक नियमितीकरण और अन्य 10 सूत्रीय मांगों पर ठोस निर्णय नहीं हुआ तो हड़ताल शुरू होगी। इस बार कर्मचारी आपातकालीन सेवाएं भी बंद रखेंगे, जिससे प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था ठप हो सकती है। प्रदेशभर में एनएचएम के करीब 16,000 से अधिक संविदा स्वास्थ्यकर्मी कार्यरत हैंए जो हड़ताल में शामिल होंगे। संघ ने बताया कि पांच मांगों पर पहले ही सहमति बन चुकी है, लेकिन अब तक सरकार ने कोई अमल नहीं किया। इससे कर्मचारी बेहद नाराज हैं। संघ की प्रमुख मांग संविदा कर्मियों का नियमितीकरण और सिविलियन दर्जा, 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का तत्काल लाभ, ग्रेड पे का निर्धारण, मेडिकल अवकाश और स्थानांतरण नीति, अनुकंपा नियुक्ति और पेंशन की सुविधा शामिल है। एनएचएम के प्रदेश अध्यक्ष डा. अमित मिरी का आरोप है कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी में 100 दिन के भीतर नियमितीकरण की बात कही गई थी। अब डेढ़ साल बीत चुका है, न कमेटी बनी और न कोई निर्णय। अब तक 155 से ज्यादा बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं। संघ के अनुसार, एनएचएम कर्मियों की मांगें पिछले 20 वर्षों से लंबित हैं। 10 से 17 जुलाई के बीच चरणबद्ध आंदोलन, विधानसभा घेराव और मुख्यमंत्री से ज्ञापन सौंपने जैसे कई प्रयास किए गए लेकिन नतीजा शून्य रहा। संघ ने दो टूक कहा है कि अगर सरकार अब भी नहीं चेती तो राज्य की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह ठप हो जाएंगी। अब नजर सरकार के अगले कदम पर है। निर्णय नहीं हुआ तो 18 अगस्त से छत्तीसगढ़ के अस्पतालों में हड़ताल का असर साफ दिखेगा।



## मांग पूरी नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे रसोइया और सफाई कर्मचारी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राज्य के प्राथमिक और मिडिल स्कूलों में काम करने वाले मध्यान्ह भोजन रसोइयों और स्कूल सफाई कर्मचारियों ने तीन दिवसीय हड़ताल के बाद सरकार को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि यदि सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानीं तो वे जल्द ही अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करेंगे। रसोइयों की मांग है कि उन्हें कलेक्टर दर पर वेतन दिया जाए, साथ ही उनकी नौकरी का नियमितीकरण और अन्य सरकारी कर्मचारियों की तरह लाभ भी मिले। इस आंदोलन को छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त कर्मचारी मोर्चा और छत्तीसगढ़ जागरूक शिक्षक संघ का भी समर्थन मिल रहा है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष जाकेश साहू ने कहा कि यह कर्मचारी पिछले 20-25 वर्षों से बेहद कम मानदेय में काम कर रहे हैं। वर्तमान में रसोइयों को केवल 2000 रूपये और सफाई कर्मचारियों को 3000 रूपये तक की मासिक राशि मिलती है। आज के समय में जब एक परिवार का मासिक खर्च 8000 रूपये से 10000 रूपये के बीच है, ऐसे में इतने कम वेतन में गुजारा करना असंभव है। संयुक्त बयान में उठी मांगें : रसोइयों और सफाई कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर वेतन, नियमितीकरण की प्रक्रिया जल्द शुरू हो, सामाजिक सुरक्षा लाभ (पीएफ, बीमा, पेंशन) भी दिए जाएं, सम्मानजनक वेतन देकर मनोबल बढ़ाया जाए। शिक्षकों के साथ-साथ रसोइया और सफाई कर्मचारी भी शिक्षा विभाग की रीढ़ हैं। एक ओर शिक्षक ज्ञान बांटते हैं, वहीं रसोइये बच्चों के लिए गरम और पौष्टिक भोजन बनाते है, जबकि सफाई कर्मचारी स्कूल की स्वच्छता बनाए रखते हैं।



## धर्म समाचार....

# क्या इस बार 2 दिन मनेगी राखी? जानें शुभ मुहूर्त और दूर करें कन्फ्यूजन

सावन का महीना देवों के देव महादेव को समर्पित होता है। इस महीने का समापन रक्षा बंधन के दिन होता है। इसके अगले दिन से भाद्रपद महीने की शुरुआत होती है। भाद्रपद महीने में जगत के पालनहार भगवान कृष्ण और भगवान गणेश का जन्मोत्सव मनाया जाता है। भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व राखी हर साल सावन पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं। इस समय बहनें अपने भाई की तरक्की और उन्नति के लिए जगत के पालनहार भगवान कृष्ण से कामना करती हैं। वहीं, भाई अपनी बहनों को पसंदीदा गिफ्ट देते हैं। इसके अलावा, सुख और दुख में साथ देने का वचन भी देते हैं। यह पर्व देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है। हालांकि, तिथि और शुभ मुहूर्त के लिए हर साल दुविधा बनी रहती है। खासकर, भद्रा को लेकर विशेष संशय रहता है। आइए, रक्षा बंधन के बारे में सबकुछ जानते हैं-




**रक्षा बंधन शुभ मुहूर्त**

वैदिक पंचांग के अनुसार, सावन महीने की पूर्णिमा तिथि 08 अगस्त को दोपहर 02 बजकर 12 मिनट पर शुरू होगी और 09 अगस्त को दोपहर 01 बजकर 24 मिनट पर समाप्त होगी। यह गणना अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार है।

**भद्रा योग**

ज्योतिषियों की मानें तो रक्षा बंधन के दिन भद्रा का साया नहीं पड़ने वाला है। 08 अगस्त को भद्रा का साया है। 08 अगस्त को भद्रा दोपहर 02 बजकर 12 मिनट से 09 अगस्त को देर रात 01 बजकर 52 मिनट तक है। यह गणना अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार है। वहीं, 09 अगस्त को दिन में भद्रा का साया नहीं है। 09 अगस्त को भद्रा यानी पंचक देर रात (10 अगस्त) 02 बजकर 11 मिनट से सुबह 05 बजकर 20 मिनट तक है। इसके लिए 09 अगस्त को भद्रा का साया नहीं है।

**कब है रक्षा बंधन ?**

सावन पूर्णिमा 08 अगस्त को शुरू होगी। इस दिन पूर्णिमा शुरू होने के साथ भद्रा का योग है, जो देर रात 01 बजकर 52 मिनट पर समाप्त होगा। इसके लिए 08 अगस्त को रक्षा बंधन का त्योहार नहीं मनाया जाएगा। वहीं, 09 अगस्त को भद्रा का साया नहीं पड़ने वाला है। इसके लिए 09 अगस्त को रखा बंधन मनाना श्रेष्ठकर होगा।

**राखी बांधने का सही समय**

सावन पूर्णिमा यानी 09 अगस्त को राखी बांधने का सही समय सुबह 05 बजकर 21 मिनट से लेकर दोपहर 01 बजकर 24 मिनट तक है। पूर्णिमा तिथि 09 अगस्त को दोपहर 01 बजकर 24 मिनट पर समाप्त होगी। इसके बाद भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि है। इसके लिए 09 अगस्त को दोपहर 01 बजकर 24 मिनट तक राखी बांधने के लिए सही समय है। आप स्थानीय पंचाग का भी सहारा ले सकते हैं।

## अगस्त महीने में ये 4 ग्रह करेंगे राशि परिवर्तन, इन राशियों को होगा सर्वाधिक लाभ

राशिफल के अनुसार अगस्त का महीना कई राशि के जातकों के लिए शानदार रहने वाला है। व्यापार के दाता बुध देव अगस्त महीने में राशि परिवर्तन करेंगे। बुध देव के राशि परिवर्तन से कई राशि के जातकों को कारोबार में लाभ होगा। इसके साथ ही शुक्र देव भी राशि परिवर्तन करेंगे।अगस्त का महीना कई राशि के जातकों के लिए बेहद खास रहने वाला है। इस महीने कई बड़े और छोटे ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे। इससे राशि चक्र की सभी राशियों पर भाव और ग्रहों की स्थिति के अनुसार प्रभाव पड़ेगा। इनमें कई राशि के जातकों के करियर और कारोबार में बदलाव देखने को मिलेगा। वहीं, कई राशि के जातकों के जीवन में सुखों का आगमन होगा। अगस्त महीने में सूर्य देव भी राशि परिवर्तन करेंगे। इस शुभ अवसर पर संक्रांति मनाई जाएगी। सनातन धर्म में संक्रांति तिथि का खास महत्व है। इस दिन बड़ी संख्या में साधक गंगा समेत पवित्र नदियों में आस्था की डुबकी लगाते हैं। साथ ही सूर्य देव की पूजा एवं साधना करते हैं। आइए, अगस्त महीने में होने वाले ग्रह राशि परिवर्तन के बारे जानते हैं-




**सूर्य गोचर 2025** -आत्मा के कारक सूर्य देव वर्तमान समय में कर्क राशि में विराजमान हैं। वहीं, 17 अगस्त को सूर्य देव राशि परिवर्तन करेंगे। इस दिन सूर्य देव कर्क राशि से निकलकर सिंह राशि में गोचर करेंगे। सूर्य देव के राशि परिवर्तन करने से कई राशि के जातकों के जीवन में बदलाव देखने को मिल सकता है। खासकर, करियर में विशेष परिवर्तन होगा। इस राशि में सूर्य देव 16 सितंबर तक रहेंगे। इसके अगले दिन सूर्य देव कन्या राशि में गोचर करेंगे।

**बुध गोचर 2025** -ज्योतिषियों की मानें तो ग्रहों के राजकुमार बुध देव 30 अगस्त को शाम 04 बजकर 45 मिनट पर सिंह राशि में गोचर करेंगे। इस राशि में बुध देव 14 सितंबर तक रहेंगे। इसके अगले दिन बुध देव कन्या राशि में गोचर करेंगे। इससे पहले बुध देव दो बार नक्षत्र परिवर्तन करेंगे। बुध देव के राशि परिवर्तन से कई राशि के जातकों को लाभ होगा। खासकर, कारोबार से जुड़े लोगों को लाभ देखने को मिल सकता है।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# कलेक्टर ने छुरिया विकासखंड के अंतिम छोर स्थित दूरस्थ वनांचल ग्राम खोभा, जोब एवं पंडरापानी का किया सघन निरीक्षण

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोभा, सड़क चिरचारी एवं भेजराटोला में एएनएम पदस्थ करने के दिए निर्देश





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज छुरिया विकासखंड के अंतिम छोर में स्थित दूरस्थ वनांचल ग्राम खोभा, जोब एवं पंडरापानी में जमीनी स्तर पर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों सघन निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ग्राम खोभा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लिया और स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोभा, सड़क चिरचारी एवं भेजराटोला में एएनएम पदस्थ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए। कलेक्टर ने ग्राम खोभा में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवासीय कॉलोनी में निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया और हितग्राहियों से आवास निर्माण के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महती योजना है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों को समय पर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। हितग्राहियों ने बताया कि उन्हें आवास योजना के तहत सभी किस्त मिल गई है तथा मनरेगा के तहत पारिश्रमिक भी प्राप्त हो गया है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने ग्राम जोब में हाईस्कूल का निरीक्षण किया और स्कूल के बच्चों से बातचीत कर शिक्षा की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों से विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं एवं शिक्षकों की नियमित उपस्थिति के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने प्राचार्य को स्कूल में मरम्मत सहित अन्य कार्यों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम जोब में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छाग्राही समूह द्वारा डोर टू डोर कचरा संग्रहण के लिए किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने स्वच्छताग्राहियों को यूजर चार्ज संग्रहण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने ग्राम पंडरापानी में जनसामान्य से रूबरू हुए और शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन तथा उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने किसानों से खाद-बीज की उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि युक्तियुक्तकरण से शाला में शिक्षक की पदस्थापना होने से शिक्षकों की कमी दूर हो गई है। शिक्षा व्यवस्था दुरूस्त होने से ग्रामीण संतुष्ट है। कलेक्टर को ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केन्द्र एवं स्कूल के आवश्यक मरम्मत कार्य के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने अधिकारियों को आंगनबाड़ी केन्द्र एवं स्कूल में मरम्मत कार्य के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने जनसामान्य से कहा कि सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम श्री श्रीकांत कोराम, सीईओ जनपद पंचायत श्री होरी लाल साहू, एसडीओ आरईएस श्री जीपी लारिया सहित सरपंच, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी,दही हांडी उत्सव मनाने रामसप्ताह समिति की बैठक सम्पन्न

## लगभग 90 वर्ष से चली आ रही परंपरा



**अफशान खान**

**अम्बागढ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** नगर के श्री प्राचीन हनुमान मंदिर बजरंग चौक में ?राम नाम सत्ता समिति की बैठक संपन्न हुई, जो की लगभग 90 वर्ष से चले आ रहे राम संकीर्तन सप्ताह वह श्री कृष्ण जन्माष्टमी को एक दिन वह दूसरे दिन गोविंदा उत्सव दही लुट मनाने का निर्णय राम सप्ताह समिति द्वारा लिया गया।

ज्ञात हो कि लगभग 90 वर्ष से चले आ रहे राम संकीर्तन सप्ताह मे नगर वासियों के द्वारा उपस्थिति कम होने की वजह से राम संकीर्तन एक दिन का ही रह गया है, वह एक दिन 16 अगस्त शनिवार को जन्माष्टमी के दिन बजरंग चौक सिर्फ प्राचीन महावीर मंदिर में राम संकीर्तन होगा एवं रात्रि 12 बजे राजवाड़ा राधा कृष्ण मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया जाएगा, जहां श्री आंजनेय मानस परिवार द्वारा राम कथा कही जाएगी और दूसरे दिन रविवार 17 अगस्त को नगर के सभी मार्गो को होते हुए गोविंदा उत्सव दही लूट कर खाद्य पदार्थ व धन लुटाया जाएगा, जिसमें नगर के विभिन्न युवा टोलियों के द्वारा रोड पर दही हांडी का लुट किया जाएगा। जहां नगर के सभी नगर वासियों के द्वारा मिठाई दही माखन व खाद्य पदार्थ और धन लुटाया जाता है, जहां दूर-दूर से आसपास गांव के लोग आनंद लेने उत्साह के साथ आते हैं । नगर रामसत्ता समिति के अध्यक्ष शंकर निषाद एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, सुकृत दास मानिकपुरी ने बताया कि 17 अगस्त रविवार को विशाल शोभा विशाल शोभा विशाल शोभायात्रा जोर शोर से विभिन्न झांकी, आदिवासी मादरी नृत्य, राउत नृत्य व बाजे गाजे से निकाली जाएगी। बैठक मे दिनेश ताम्रकार, शोभा शंकर त्रिपाठी, व्यापारी संघ अध्यक्ष संजय लाटा, पूर्व पार्षद धर्मेंद्र साहू, पूर्व पार्षद देवप्रसाद यादव, दुर्गु किसान, यशवंत बोरकर लखन देवांगन, बिसाहू प्रसाद पांडे, संतोष कुंभकार सहित बड़ी संख्या नगरवासी उपस्थित रहे ।






प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com